43	5518	कचनार से सिवान	जलखरा, महानगर, चौनपुर, हसनपुरा, गोपालपुर	सिवान से कचनार	गोपालपुर, हसनपुरा, चौनपुर, महानगर, जलखरा	40	आर0टी0ए0, सारण
44	5519	बल्हा बाजार से छपरा	बनकेरवा, परसा, भेल्दी, गरखा	छपरा से बल्हा बाजार	गरखा, भेल्दी, परसा, बनकेरवा	50	आर0टी0ए0, सारण
45	5520	परसौना से छपरा	बहलोलपुर, बलहा, मकेर, भेलदी, गरखा	छपरा से परसौना	गरखा, भेलदी, मकेर, बलहा, बहलोलपुर	55	आर0टी0ए0, सारण
46	5521	अगुवानी से पूर्णियाँ	परबत्ता, मडैया, पसराहा, नारायणपुर, बिहपुर, नौगछिया, कूर्सेला, गेराबाड़ी	पूर्णियाँ से अगुवानी	गेराबाड़ी, कूर्सेला, नौगछिया, बिहपुर, नारायणपुर, पसराहा, मडैया, परबत्ता	115	परमिटधारी से प्राप्त
47	5522	कटारू से मुजफ्फरपुर बैरिया	मदन छपरा, फतैहाबाद, बसैठ, अम्बारा, बखरा, सरैया, भगवानपुर	मुजफ्फरपुर बैरिया से कटारू	भगवानपुर, सरैया, बखरा, अम्बारा, बसैठ, फतैहाबाद, मदन छपरा,	51	आर0टी0ए0, मुजफ्फरपुर

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह0) अस्पष्ट, उप सचिव।

खान एवं भूतत्व विभाग

————————

अधिसूचनाएं

15 जून 2024

सं0 02 / एम0एम0(बा0)–10 / 24–2388 / एम०––राज्यान्तर्गत लीज क्षेत्र से बाहर वृहद / लघु खनिज के व्यापार के लिए बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली, 2019 के नियम–39 के तहत भण्डारण अनुज्ञप्ति प्राप्त करने का प्रावधान है। कोई भी व्यक्ति लीज धारित क्षेत्र से बाहर प्रपत्र 'ट' में अनुज्ञप्ति प्राप्त किए बगैर लघु / वृहत खनिज का भण्डारण नहीं कर सकता है। बगैर भण्डारण अनुज्ञप्ति प्राप्त किये खनिजों को भण्डारण कर व्यवसाय करना बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली, 2019 के तहत दण्डनीय है।

2. भण्डारण अनुज्ञप्ति में भण्डारित खनिज का लेखा–जोखा अनिवार्य है। खनिजों का अवैध खनन कर अवैध भण्डारण करने से पर्यावरणीय क्षति एवं राजस्व प्रभावित होता है। मानसून अवधि में बालूघाटों से बालू खनन प्रतिबंधित रहता है एवं इस अवधि में भण्डारित बालू की बिक्री ही जन सामान्य / परियोजनाओं में की जाती है। भण्डारण अनुज्ञप्ति की आड़ में किसी प्रकार का अवैध खनन / प्रेषण न हो, इसलिए भण्डारण अनुज्ञप्तिओं को विनियमित किया जाना आवश्यक है।

3. बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली, 2019 के नियम–84 के तहत विभाग खनिजों के संरक्षण, पर्यावरण के सतत विकास और सुरक्षा के लिए निदेश जारी करने के लिए सक्षम है।

4. अतएव उपरोक्त वर्णित परिपेक्ष्य में सम्यक विचारोपरान्त भण्डारण अनुज्ञप्ति के संबंध में निम्न निदेश जारी किए जाते है :–

(i) खनिजों के क्रय एवं विक्रय का समुचित लेखा–जोखा प्रपत्र 'ज' में निर्धारित पंजी में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन संधारित किया जाएगा। अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उन्हें प्राप्त आई0डी0 पर ही खनिजों का क्रय किया जाएगा एवं उसी आई0डी0 से विक्रय हेतु ई–चालान निर्गत किया जाएगा।

(ii) भण्डारण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा ई–चालान के माध्यम से ही बालू का बिक्री / प्रेषण किया जाएगा। अनुज्ञप्तिधारी द्वारा खान एवं भूतत्व विभाग की अधिसूचना संख्या–1882, दिनांक–15.05.2024 के आलोक में वैसे G.P.S. अधिष्ठापित वाहनों, जिनके चारों तरफ निर्धारित लाल रंग से 20 ईंच चौड़ी पट्टी पेंट हो एवं खनन वाहन–निबंधन संख्या तथा वाहन का निबंधन संख्या अंकित हो, को ही बालू के बिक्री की जाएगी।

(iii) अनुज्ञप्ति स्थल पर ही बालू बिक्री के विभाग के 'खनन सॉफ्ट' पोटल के माध्यम से लिए ई–चालान निर्गत किया जाएगा।

(iv) भण्डारण अनुज्ञप्ति स्थल के चारों तरफ कांटेदार तार (barbed wire) से इस प्रकार फेंसिंग किया जाएगा कि निर्धारित मार्ग के अतिरिक्त अन्य तरफ से कोई वाहन प्रवेश नहीं कर सके।

(v) भण्डारित बालू स्थल पर साईन बोर्ड लगा होगा, जिसपर अनुज्ञप्तिधारी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति की पूर्ण विवरणी एवं विक्रय मूल्य आदि अंकित होगा।

(vi) भण्डारण अनुज्ञप्ति स्थल से बालू का परिवहन तारपोलिन से ढक कर किया जाएगा।

(vii) भण्डारण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनुज्ञप्ति क्षेत्र में धर्मकाँटा का अधिष्ठापन किया जाएगा एवं अधिष्ठापित धर्मकाँटा को NIC के Portal से संबद्ध किया जाएगा। खनिज का बिक्री केवल धर्मकाँटा से वजन कराकर ई–चालान निर्गत कर किया जाएगा। जिस मार्ग पर धर्मकाँटा अधिष्ठापित है, उसके अतिरिक्त किसी अन्य मार्ग का उपयोग खनिज प्राप्ति या निकासी के लिए नहीं किया जाएगा।

(viii) भण्डारण स्थल एवं निकासी मार्ग / अधिष्ठापित धर्मकाँटा पर CCTV कैमरा का भी अधिष्ठापन अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किया जाएगा, जिसे कंट्रोल एवं कमांड रूम से संबद्ध किया जाएगा। अनुज्ञप्तिधारी को न्यूनतम 01 (एक) माह तक CCTV कैमरा का बैकअप संधारित किया जाएगा।

(ix) सभी भण्डारण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा खनिज भण्डारित स्थल के सभी कॉर्नर का Geo-Cordinate, जमीन का खाता / खेसरा तथा जमीन के एकरारनामा से संबंधित सभी कागजात संधारित किया जाएगा एवं उसकी पूर्ण विवरणी संबंधित जिला खनन कार्यालय में जमा की जाएगी।

(x) खनिज भण्डारण स्थल पर पर्यावरणीय प्रावधानों का भी अनुपालन भण्डारण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

(xi) सभी भण्डारण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रत्येक 15 दिनों में भण्डारण स्थल पर उपलब्ध खनिज की मात्रा का आंकलन ड्रोन / थिडोलाइट से कराकर संबंधित जिला खनन कार्यालय को समर्पित किया जाएगा। आंकलित मात्रा का मिलान NIC के Portal पर उपलब्ध खनिज की मात्रा से किया जाएगा। मिलान में भण्डारण स्थल पर खनिज की मात्रा से कम / अधिक खनिज की मात्रा पाये जाने पर बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली, 2019 यथा संशोधित 2021 के नियम–56 के तहत दण्डनीय होगा।

(xii) सभी अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रत्येक माह प्रपत्र 'झ' में खनिजों के लिए रिटर्न जिस माह से वह संबंधित हो, उसके अगले माह की 15वीं तिथि तक प्रत्येक माह समर्पित करेगा।

उक्त व्यवस्था दिनांक–15.07.2024 तक सभी अनुज्ञप्तिधारी को सुनिश्चित कराना अनिवार्य होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
धर्मेन्द्र सिंह, सचिव।

————————

15 जून 2024

सं0 02 / एम0एम0(बा0)–10 / 24–2387 / एम०––बालूघाटों से बालू खनन के पश्चात सूखे बालू का ही परिवहन हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बंदोबस्तधारी द्वारा नदी के किनारे सेकेण्डरी लोडिंग की व्यवस्था किया जाना है। इसके लिए बिहार बालू खनन नीति, 2019 की कंडिका 16 (VIII) के अनुसार नदी के किनारे से 300 मीटर की दूरी के भीतर बालू लादने के लिए सेकेण्डरी लोडिंग की व्यवस्था बंदोबस्तधारी द्वारा किया जाना है एवं इस भण्डारण के लिए किसी लाईसेन्स की आवश्यकता नहीं है।

2. मानसून अवधि में बालूघाटों से बालू खनन प्रतिबंधित रहता है एवं इस अवधि में भी भण्डारित बालू की बिक्री जन सामान्य / परियोजनाओं में बंदोबस्तधारी द्वारा की जाती है। बालू बंदोबस्तधारी द्वारा नदी के किनारे से 300 मीटर की दूरी के भीतर खनिज का भण्डारण खनन योजना / पर्यावरणीय स्वीकृति में अनुमान्य मात्रा के अनुसार ही किया जा रहा है एवं इसकी आड़ में किसी प्रकार का अवैध खनन न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए इसका विनियमन आवश्यक है।

3. बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली, 2019 के नियम–84 के तहत विभाग खनिजों के संरक्षण, पर्यावरण के सतत विकास और सुरक्षा के लिए निदेश जारी करने के लिए सक्षम है।

4. अतएव उपरोक्त वर्णित परिपेक्ष्य में सम्यक विचारोपरान्त बालू के सेकेण्डरी लोडिंग के संबंध में निम्न निदेश जारी किए जाते है :–

(i) बंदोबस्तधारी द्वारा सेकेण्डरी लोडिंग स्थल की सूचना (भूमि के पूर्ण विवरण सहित) खनिज विकास पदाधिकारी को समर्पित करना होगा।

(ii) बंदोबस्तधारी द्वारा सेकेण्डरी लोडिंग स्थल के सभी कार्नर का Geo-Cordinate, खाता / खेसरा एवं रैयत से किये गये एकरारनामा से संबंधित कागजात जिला खनन कार्यालय एवं ऑनलाईन पोर्टल पर समर्पित किया जाएगा।

(iii) बालू के भण्डारण एवं प्रेषण का समुचित लेखा–जोखा प्रपत्र 'ज' में निर्धारित पंजी में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन बंदोबस्तधारी द्वारा संधारित किया जाएगा।

(iv) यदि सेकेण्डरी लोडिंग स्थल ऐसा हो कि बालूघाट का मार्ग (धर्मकाँटा का रास्ता) एवं सेकेण्डरी लोडिंग स्थल का मार्ग एक ही तो अलग धर्मकाँटा अधिष्ठापन की अवश्यकता नहीं होगी। अन्य मार्ग होने की स्थिति में सेकेण्डरी लोडिंग स्थल के लिए अलग से धर्मकाँटा अधिष्ठापित करना होगा।

(v) सेकेण्डरी लोडिंग स्थल के चारों तरफ एवं अधिष्ठापित धर्मकाँटा स्थल तक कांटेदार तार (barbed wire) से इस प्रकार फेंसिंग किया जाएगा कि निर्धारित मार्ग के अतिरिक्त अन्य तरफ से कोई वाहन प्रवेश नहीं कर सके।

(vi) अधिष्ठापित एवं NIC के Portal से संबंद्ध धर्मकाँटा से ही बालू का बिक्री वजन कराकर ई–चालान निर्गत कर किया जाएगा। जिस मार्ग पर धर्मकाँटा अधिष्ठापित है, उसके अतिरिक्त किसी अन्य मार्ग का उपयोग खनिज प्राप्ति या निकासी के लिए नहीं किया जाएगा।

(vii) सेकेण्डरी लोडिंग स्थल पर साईन बोर्ड लगा होगा, जिसपर बंदोबस्तधारी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति की पूर्ण विवरणी एवं विक्रय मूल्य आदि अंकित होगा।

(viii) सेकेण्डरी लोडिंग स्थल से बालू का परिवहन तारपोलिन से ढक कर किया जाएगा।

(ix) सेकेण्डरी लोडिंग स्थल एवं निकासी मार्ग / अधिष्ठापित धर्मकाँटा पर CCTV कैमरा का भी अधिष्ठापन बालू बंदोबस्तधारी द्वारा किया जाएगा, जिसे कंट्रोल एवं कमांड रूम से संबंद्ध किया जाएगा। बालू बंदोबस्तधारी को न्यूनतम 30 (तीस) दिनों तक CCTV कैमरा का बैकअप संधारित किया जाएगा।

(x) बालू बंदोबस्तधारी द्वारा ई–चालान के माध्यम से ही बालू का बिक्री / प्रेषण किया जाएगा। बंदोबस्तधारी द्वारा खान एवं भूतत्व विभाग के अधिसूचना संख्या–1882, दिनांक–15.05.2024 के आलोक में वैसे G.P.S. अधिष्ठापित वाहनों, जिनके चारों तरफ निर्धारित लाल रंग से 20 ईंच चौड़ी पट्टी पेंट हो एवं खनन वाहन–निबंधन संख्या तथा वाहन का निबंधन संख्या अंकित हो, को ही बालू के बिक्री की जाएगी।

(xi) सेकेण्डरी लोडिंग स्थल पर पर्यावरणीय प्रावधानों का भी अनुपालन बंदोबस्तधारी द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

(xii) प्रत्येक वर्ष के 15 जून के मध्य रात्रि से मानसून अवधि शुरूआत होने के कारण पर्यावरणीय शर्त्तों के आलोक में बालू खनन बंद हो जाता है। मानसून अवधि में सेकेण्डरी लोडिंग स्थल पर भण्डारित बालू से

बंदोबस्तधारी द्वारा बालू का बिक्री किया जाएगा। इस हेतु सेकेण्डरी लोडिंग स्थल पर उपलब्ध बालू की मात्रा का आंकलन खनन पदाधिकारी द्वारा ड्रोन/ थिडोलाइट से कराया जाएगा एवं इस पर होने वाले व्यय का वहन संबंधित बालू बंदोबस्तधारी द्वारा किया जाएगा।

(xiii) जिला खनन पदाधिकारी द्वारा सेकेण्डरी लोडिंग स्थल पर भण्डारित बालू का सत्यापन संधारित पंजी, जमा मासिक रिटर्न एवं ड्रोन/ थिडोलाइट से आंकलित बालू की मात्रा से किया जाएगा एवं सत्यापन उपरांत ही सेकेण्डरी लोडिंग स्थल से बालू की बिक्री की अनुमति दी जाएगी।

(xiv) संधारित पंजी, जमा मासिक रिटर्न एवं ड्रोन/ थिडोलाइट से आंकलित बालू की मात्रा से अधिक/ कम भण्डारण पाये जाने पर बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली, 2019 (यथा संशोधित) के नियम–56 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

(xv) बालू बंदोबस्तधारी द्वारा प्रत्येक 15 दिनों में सेकेण्डरी लोडिंग स्थल पर उपलब्ध खनिज की मात्रा का आंकलन ड्रोन/ थिडोलाइट से कराकर संबंधित जिला खनन कार्यालय को समर्पित किया जाएगा, जिसका सत्यापन खनिज विकास पदाधिकारी द्वारा भौतिक रूप से किया जाएगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
धर्मेन्द्र सिंह, सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 16—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in

भाग-9-ख

निविदा सूचनाएं, परिवहन सूचनाएं, न्यायालय सूचनाएं और सर्वसाधारण सूचनाएं इत्यादि ।

सूचना

————————

No. 670––I, Sonu Kumar, S/o Late Ram Lakhan Prasad, R/o Vill- Khudhanu Belwa, Rohtas Belwan, Bihar-802217 do hereby solemnly affirm and declare as per aff. No. 6238 dt. 21.05.24 that my name is written in my daughter Soumya Soni's Birth Certificate as Sonu Soni which is wrong. As per Aadhar Card my correct name is Sonu Kumar and from now I will be known as Sonu Kumar for all future and legal purposes.

Sonu Kumar.

————————

No. 671––I, Urmila Yadav, W/o Om Prakash R/o Vill-Panditpur Rajgir, Distt.-Nalanda, Bihar- 803116 do hereby solemnly affirm and declare as per aff. No. 6152 dt. 16.05.24 that my name is written in my daughter Radhika Kumari's CBSE 10th all documents as Urmila Devi which is wrong. As per my Aadhar Card my correct name is Urmila Yadav and from now I will be known as Urmila Yadav for all future and legal.

Urmila Yadav.

————————

सं0 672––मैं मो0, अफजल खां, पिता–मो0 कासिम खां, निवासी–ग्राम–पो0–हरिहरपुर, माधोपुर वार्ड नं0–13, थाना–छातापुर, सुपौल–852137, बिहार शपथ पत्र 1125 दिनांक 11.03.2024 द्वारा घोषणा करता हूं कि अब मुझे मो0 अफजल खां के स्थान पर डा0 मो0 अफजल खां के नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

मो0 अफजल खां।

————————

No. 673––I, Savitri Kumari, W/o Amrendra Kumar Singh. R/o Deoria, Saran, Bihar-841225 do hereby solemnly affirm and declare as per aff. no. 2953 dt. 28.03.2024 that Yuvraj Singh and Ashish Kumar are my Sons. My name is written in Yuvraj Singh's all educational documents and Ashish Kumar's 10th CBSE all documents as Savitri Singh which is wrong. As per Aadhar Card, Pan Card and all educational documents my correct name is Savitri Kumari and from now I will be known as Savitri Kumari for all future and legal purposes.

Savitri Kumari.

————————

No. 677––I, Keshav S/o Manish Kumar, R/o Pato ki Bag Diwan Mohalla, Sampatchak, Patna City 800008 (Bihar) do hereby Solemnly affirm and declare as per aff. No-2273 dt. 21-07-2023 that my name is written in all documents and above Aadhar Card No-6142 5270 0625 as Keshav from now I will be known as Keshav Sinha for all future Purposes.

Keshav.

————————

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय

बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।

बिहार गजट, 16—571+10-डी0टी0पी0।

Website: http://egazette.bih.nic.in

बिहार गजट
का
पूरक(अ0)
प्राधिकारी द्वारा प्रकाशित

सं0 कारा/नि0को0(अधी0)–01–19/2022––5186

कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय

गृह विभाग (कारा)

संकल्प

8 जुलाई 2024

श्री विजय कुमार अरोड़ा, बिहार कारा सेवा, तत्कालीन अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, गया (सम्प्रति अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मोतिहारी) के विरूद्ध उनके केन्द्रीय कारा, गया में पदस्थापन के दौरान दिनांक–29.03.2022 को तत्कालीन कारा महानिरीक्षक द्वारा केन्द्रीय कारा, गया में किये गये निरीक्षण में पायी गयी कतिपय अनियमितता एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 की निविदा में निर्धारित शर्तों का उल्लंघन करने के आरोप में बरती गई गंभीर वित्तीय अनियमितता एवं लापरवाही के प्रतिवेदित आरोपों के लिए प्रपत्र 'क' में आरोप पत्र गठित किया गया। अनुशासनिक प्राधिकार के अनुमोदनोपरान्त विभागीय ज्ञापांक 5364 दिनांक 13.05.2022 द्वारा आरोप पत्र (साक्ष्य सहित) की छायाप्रति उपलब्ध कराते हुए श्री अरोड़ा से लिखित अभिकथन की माँग की गई। तद्आलोक में श्री अरोड़ा द्वारा पत्रांक 3511 दिनांक 09.06.2022 के माध्यम से लिखित बचाव अभिकथन समर्पित किया गया, जिसे सम्यक् समीक्षोपरान्त अस्वीकृत करते हुए अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार विभागीय संकल्प ज्ञापांक–7491 दिनांक–08.07.2022 द्वारा श्री अरोड़ा के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित की गई तथा विभागीय कार्यवाही के संचालन हेतु आयुक्त, मगध प्रमण्डल, गया को संचालन पदाधिकारी तथा श्री संजय कुमार चौधरी, सहायक कारा महानिरीक्षक (क्षेत्र), कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

2. विभागीय कार्यवाही के जाँचोपरान्त आयुक्त कार्यालय, मगध प्रमण्डल, गया के पत्रांक–1806/विधि, दिनांक–26.04.2023 के माध्यम से संचालन पदाधिकारी–सह–आयुक्त, मगध प्रमण्डल, गया द्वारा विभागीय कार्यवाही का जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया, जिसमें श्री विजय कुमार अरोड़ा, तत्कालीन अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, गया (सम्प्रति अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मोतिहारी) के विरूद्ध प्रपत्र 'क' में गठित कुल आठ (08) आरोपों में से आरोप संख्या–01, 06 एवं 08 को प्रमाणित, आरोप संख्या–02, 03 एवं 04 को आंशिक रूप से प्रमाणित तथा आरोप संख्या 05 एवं 07 को अप्रमाणित प्रतिवेदित किया गया है।

3. बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–18(3) के प्रावधान के तहत अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार विभागीय ज्ञापांक–4823 दिनांक–07.06.2023 द्वारा श्री विजय कुमार अरोड़ा, तत्कालीन अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, गया (सम्प्रति अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मोतिहारी) को जाँच प्रतिवेदन की छायाप्रति उपलब्ध कराते हुए उनसे पन्द्रह (15) दिनों के अन्दर द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब/लिखित अभ्यावेदन की मांग की गई।

4. तद्आलोक में श्री विजय कुमार अरोड़ा, तत्कालीन अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, गया (सम्प्रति अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मोतिहारी) द्वारा अपने पत्रांक–6556/जेल, दिनांक–14.09.2023 के माध्यम से द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब/लिखित अभ्यावेदन समर्पित किया गया है, जिसमें उनका कहना है कि कारा महानिरीक्षक के निरीक्षण के दिन सुबह के नाश्ते में चना एवं गुड़ चला था। बंदियों के नाश्ते में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता नहीं बरती गई है, बल्कि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित किस्म का हीं नाश्ता दिया गया था। कैदियों को रोजाना नाश्ता उपलब्ध कराया जाता है तथा विभागीय स्तर से निर्गत आहार तालिका के अनुसार नियमित रूप से भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। दिनांक–29.03.2022 को कैदियों को चना, गुड़ एवं चाय दिया गया था और इसके लिए मात्रानुसार सामग्री कारा गोदाम से पाकशाला भोजन समिति को मुहैया करवाया गया था। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि गोदाम में पर्याप्त राशन था और निरीक्षण के दिन भी पर्याप्त मात्रा में राशन कारा के गोदाम में रखा हुआ था। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि खाद्य पदार्थ में से कुछ वस्तुओं को कभी–कभी मधुमेह एवं बी०पी० से पीड़ित बंदी अपने इलाज की दृष्टि से अपने पास रखते हैं।

आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि उनके द्वारा अनेक बार जेल परिसर की तलाशी ली गयी है और आपत्तिजनक सामान मिलने पर कई बार दोषी बंदियों एवं कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई के साथ स्थानीय थाना में एफ0आई0आर0 भी दर्ज करने की कार्रवाई की गयी है। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि उनके कारा भ्रमण के दौरान किसी बंदी से किसी दबंग बंदी द्वारा खाने या सुविधा देने के नाम पर अवैध वसूली के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, न हीं किसी बंदी द्वारा कारा महानिरीक्षक के निरीक्षण के दौरान यह शिकायत की गई कि किसी दबंग बंदी द्वारा अवैध वसूली की जाती है। कारा महानिरीक्षक द्वारा किये गये निरीक्षण के क्रम में पाये जाने वाला नकद राशि मात्र दो–तीन बंदी के पास पाया गया था। उक्त बंदियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत हेतु अपील करने के लिए रखा गया था। संयोगवश कारा महानिरीक्षक द्वारा निरीक्षण के क्रम में ये राशियाँ कक्ष के अंदर बंदियों के पास पाया गया था। कारा महानिरीक्षक द्वारा निरीक्षण के क्रम में एक बंदी के पास डायरी पाई गई थी, जिसमें कुछ राशि का ब्योरा अंकित था। उक्त डायरी में अंकित राशि को वसूली की राशि की संज्ञा दी गई है। उस कक्ष के किसी अन्य बंदी द्वारा राशि वसूलने की पुष्टि नहीं की गई है।

आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि विभागीय पत्रांक 2380 दिनांक 30.03.2020 के माध्यम से जारी निर्देश के बाद कारा में खरीददारी ई–निविदा प्रक्रिया द्वारा की जाती है और खरीदे जाने वाली सामग्री के लिए निविदा तभी निर्गत की जाती है, जब इसे जिला कारा क्रय समिति द्वारा अनुमोदित किया जाता है, जिसके अध्यक्ष जिलाधिकारी होते हैं एवं जेल अधीक्षक उक्त समिति के सिर्फ एक मात्र सचिव होते हैं। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि त्रिसदस्यीय जाँच समिति द्वारा विभाग को समर्पित जाँच प्रतिवेदन में कतिपय विसंगतियाँ है। विभागीय पत्रांक–2380 दिनांक–30.03.2020 द्वारा निर्गत ई–निविदा के मॉडल प्रारूप के दिशा–निर्देश में यह शर्त अंकित किया गया है कि निविदादाता फर्म को EMD और शपथ पत्र की मूल प्रति कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है, जिसमें यह स्पष्ट अंकित है कि निविदादाता फर्म को किसी भी सरकारी संस्थान/संगठन कार्यालय/उपक्रम/संस्था/समिति द्वारा कालीकृत न किया गया हो और न हीं कालीकृत किये जाने संबंधी प्रक्रिया या आपराधिक वाद लंबित हो। उपरोक्त को जेल के कार्यालय में प्रस्तुत करने की आवश्यकता है, लेकिन समिति द्वारा दिनांक 01.04.2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि बेल्ट्रॉन के साईट पर अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों को जेल के कार्यालय मे जमा किया जाना है, जो पूरी तरह से गलत है, क्योंकि मॉडल निविदा शर्त के अनुरूप EMD की प्राप्ति रसीद एवं शपथ पत्र, जो कि कार्यालय में जमा करना है, के अलावा अन्य कागजातों के आधार पर किसी निविदादाता फर्म को अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि विभागीय पत्रांक–2380 दिनांक–30.03.2020 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि EMD राशि की रसीद जेल कार्यालय में जमा की जानी है। उक्त पत्र के साथ संलग्न एक मॉडल निविदा प्रारूप में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि निविदा में भाग लेने वाले व्यक्ति को इस आशय का शपथ पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना आवश्यक है कि उसकी फर्म काली सूची में नहीं है और उसके खिलाफ काली सूची में डालने की कोई कार्यवाही लंबित नहीं है। केन्द्रीय कारा, गया द्वारा वर्ष 2021–2022 के लिए खरीद करने के लिए जारी ई–निविदा में केवल इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करने के लिए निविदा में भाग लेने वाले व्यक्ति का उल्लेख है कि उसकी फर्म को ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है या उसके खिलाफ ब्लैकलिस्टिंग की कोई कार्यवाही लंबित नहीं है। निविदा में भाग लेने वाले फर्म को मॉडल टेन्डर के अनुरूप EMD जमा की प्राप्ति की प्रति कार्यालय में जमा करना है, के आलोक में वर्ष 2021–2022 हेतु जिला कारा क्रय समिति की स्वीकृति के उपरांत जारी ई–निविदा में EMD की रसीद की प्रति कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 20.03.2021 थी, लेकिन शिकायतकर्त्ता पंकज ट्रेडर्स के द्वारा EMD जमा नहीं किया गया और उक्त फर्म इस आशय का हलफनामा भी मूल रूप में प्रस्तुत करने में विफल रहा कि उसके फर्म को काली सूची में नहीं डाला गया है या उक्त फर्म के खिलाफ काली सूची में डालने की कोई कार्यवाही लंबित नहीं है और इसलिए उसकी तकनीकी बोली निर्धारित तिथि पर नहीं खोला गया। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि मॉडल निविदा के शर्तों में इसका वर्णन होने के आधार पर केन्द्रीय कारा, गया एवं उपकारा, शेरघाटी की निविदा में इसे माँगा गया, जो कि मॉडल निविदा से विचलन नहीं है। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि निविदा प्रक्रिया में 16 निविदादाताओं ने भाग लिया, उसमें सिर्फ पंकज ट्रेडर्स को तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित किया गया। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि यह आरोप कि इस शर्त के समावेश के कारण सरकारी राजस्व की हानि हुई तथा ई–निविदा के उद्देश्यों का उल्लंघन हुआ तथा संवेदकों को अनावश्यक रूप से लाभ या हानि पहुँचाने हेतु ऐसी शर्तों का समावेश किया गया, सही नहीं है।

5. आरोप पत्र, संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन एवं श्री अरोड़ा द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब/लिखित अभ्यावेदन की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गई। बंदियों को नाश्ता उपलब्ध नहीं कराने के आरोप के संबंध में आरोपित पदाधिकारी का अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब/लिखित अभ्यावेदन में कहना है कि कैदियों को रोजाना नाश्ता उपलब्ध कराया जाता है तथा दिनांक–29.03.2022 को कैदियों को चना–गुड़ एवं चाय दिया गया था, जबकि विभागीय कार्यवाही के संचालन के दौरान आरोपित पदाधिकारी द्वारा संचालन पदाधिकारी के समक्ष स्वयं यह स्वीकार किया गया है कि मात्र एक बंदी द्वारा नाश्ता नहीं मिलने की शिकायत की गई है। संचालन पदाधिकारी द्वारा अपने निष्कर्ष में प्रतिवेदित किया गया है कि शिकायत करने वाला बंदी एक हो या अधिक, इससे फर्क नहीं पड़ता है। बंदियों का राशन कारा गोदाम में पर्याप्त मात्रा में नहीं पाये जाने के आरोप के संबंध में आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि कारा गोदाम में पर्याप्त राशन था और निरीक्षण के दिन भी पर्याप्त मात्रा में राशन कारा के गोदाम में रखा हुआ था, जबकि दिनांक–29.03.2022 को

तत्कालीन कारा महानिरीक्षक द्वारा केन्द्रीय कारा, गया में किये गये निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संध्या के भोजन के लिए तैयार खाद्य सामग्री में 08 क्विंटल आटा के बदले 04 क्विंटल कम एवं 07 क्विंटल सब्जी के बदले 02 क्विंटल सब्जी कम पाया गया, जबकि अभिलेखों में बंदियों की संख्या के अनुसार खाद्य सामग्रियों की मात्रा entry की गई है। इस प्रकार अभिलेखों में बढ़ी हुई अनाज/खाद्यान्न/सब्जी का दर्ज किया जाना गंभीर वित्तीय अनियमितता का परिचायक है। इस प्रकार निरीक्षी पदाधिकारी तत्कालीन कारा महानिरीक्षक के द्वारा भौतिक जाँच में स्टॉक के अनुसार खाद्य सामग्री में काफी अंतर पाई गयी है।

कुछ बंदियों के पास से खाद्य सामग्री बरामद होने के आरोप के संबंध में आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि कभी–कभी मधुमेह एवं बी0पी0 से पीड़ित बंदी कुछ खाद्य वस्तुओं को अपने इलाज के दृष्टि से अपने पास रखते हैं। उनका कहना है कि किसी बंदी द्वारा अलग से किसी प्रकार का भोजन नहीं बनाया जाता है तथा सभी बंदियों का भोजन कारा में चल रहे भंसा में हीं बन रहा था। निरीक्षी पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन की कंडिका 10.3 में उल्लेख है कि बंदी कक्ष संख्या 1/5 के निरीक्षण में सजावार बंदी विनोद यादव के पास खाद्य सामग्री बरामद हुई। आरोपित पदाधिकारी के द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया कि बंदी विनोद यादव को कौन सी बीमारी थी। दिनांक–29.03.2022 को तत्कालीन कारा महानिरीक्षक द्वारा केन्द्रीय कारा, गया में किये गये निरीक्षण में बंदी कक्षों से कतिपय आपत्तिजनक सामग्री यथा–खैनी, टिन का बक्सा, चाकू, पेंचकश इत्यादि पाया गया। इस आरोप के संबंध में आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि पूर्व में उनके द्वारा अनेक बार कारा परिसर की तलाशी ली गई है और आपत्तिजनक सामग्री मिलने पर बंदियों एवं कर्मियों के विरूद्ध स्थानीय थाना में F.I.R दर्ज कराई गयी है। आरोपित पदाधिकारी के उक्त कथन से स्पष्ट है कि कारा में निरीक्षण के नाम पर उनके द्वारा महज F.I.R दर्ज कराने की खानापूर्ति की गई है। उनके द्वारा कारा में प्रतिबंधित सामग्रियों के प्रवेश पर रोक लगाने हेतु कोई कारगर व्यवस्था स्थापित नहीं की गई, परिणामस्वरूप तत्कालीन कारा महानिरीक्षक के उक्त निरीक्षण के दौरान बंदी कक्षों से प्रतिबंधित सामग्रियों की बरामदगी हुई है, जो आरोपित पदाधिकारी की कारा पर प्रशासनिक नियंत्रण के अभाव को परिलक्षित करता है।

वार्ड में बंदी के पास से नकद राशि एवं डायरी मिलने के आरोप के संबंध में आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि बंदियों द्वारा पारिश्रमिक की राशि में से शेष राशि माननीय उच्च न्यायालय में अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत हेतु अपील करने के लिए रखा गया था, जबकि दिनांक–29.03.2022 को निरीक्षी पदाधिकारी तत्कालीन कारा महानिरीक्षक द्वारा केन्द्रीय कारा, गया में किये गये औचक निरीक्षण में बंदी विरेन्द्र प्रसाद के पास नकद राशि के साथ–साथ डायरी भी पाई गयी। बंदी विरेन्द्र प्रसाद द्वारा बताया गया कि भोजन के लिए प्रति बंदी 500–600 रूपये की वसूली की जाती है। विभागीय कार्यवाही की जाँच में दबंग कैदियों द्वारा बंदियों से वसूली करने के आरोप को संचालन पदाधिकारी द्वारा प्रमाणित पाया गया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि तत्कालीन कारा महानिरीक्षक के उक्त निरीक्षण में बंदी के पास वार्ड में बड़ी मात्रा में नकद राशि मिलना एवं डायरी में वसूली की प्रविष्टि इत्यादि मिलना दबंग बंदियों/वार्ड इंचार्ज द्वारा अन्य बंदियों का आर्थिक शोषण किये जाने को परिलक्षित करता है। स्पष्ट है कि बंदियों को अतिरिक्त सुविधा देने के एवज में वार्ड इंचार्ज द्वारा अवैध वसूली की जाती थी, जिसमें कारा प्रशासन की संलिप्तता दृष्टिगोचर होती है।

केन्द्रीय कारा, गया के वित्तीय वर्ष 2021–22 की निविदा शर्तों के उल्लंघन से संबंधित आरोपों की जाँच हेतु गठित विभागीय त्रिसदस्यीय जाँच समिति के जाँच प्रतिवेदन के अनुसार केन्द्रीय कारा, गया की वित्तीय वर्ष 2021–22 की निविदा प्रक्रिया में कतिपय कमियाँ पायी गयी है, यथा–कारा पर EMD के साथ Beltron के साईट पर Upload सभी कागजातों की मांग कारा कार्यालय पर किया जाना मॉडल निविदा शर्तों का उल्लंघन है। इस आरोप के संबंध में आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि जाँच समिति द्वारा दिनांक 01.04.2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि बेल्ट्रॉन के साईट पर अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों को जेल के कार्यालय में जमा किया जाना है, जो पूरी तरह से गलत है, क्योंकि मॉडल निविदा शर्त के अनुरूप EMD की प्राप्ति रसीद एवं शपथ पत्र, जो कार्यालय में जमा करना है, के अतिरिक्त अन्य कागजातों के आधार पर किसी निविदादाता फर्म को अयोग्य घोषित नहीं किया गया है। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि निविदा प्रक्रिया में 16 निविदादाताओं ने भाग लिया, उसमें सिर्फ पंकज ट्रेडर्स को तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित किया गया, जबकि विभागीय पत्रांक–2380, दिनांक–30.03.2020 द्वारा काराओं को परिचालित मॉडल ई–निविदा सूचना प्रपत्र की कंडिका–05 में अग्रधन राशि (Earnest Money Deposit) की रसीद की प्रति कार्यालय में जमा करने का वर्णन है, किन्तु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, गया के पत्रांक–1118, दिनांक–05.03.2022 द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना की कंडिका–iv में EMD के साथ बेल्ट्रॉन के साईट पर अपलोड किये गये सभी कागजातों की हार्ड कॉपी कारा कार्यालय में जमा करने का निदेश दिया गया है, जो विभागीय निर्देश के प्रतिकूल है तथा मॉडल निविदा शर्तों का उल्लंघन है। आरोपित पदाधिकारी के द्वारा उल्लेख किया गया है कि उनके द्वारा भले हीं निविदा सूचना में सभी हार्ड कॉपी जमा करने का निदेश अंकित कर दिया गया, किन्तु इस आधार पर किसी के निविदा आवेदन को असफल घोषित नहीं किया गया है, जबकि निविदादाता पंकज कुमार के द्वारा EMD तथा शपथ पत्र की मूल प्रति जमा नहीं करने के कारण उनके आवेदन को असफल घोषित किया गया है। विभागीय कार्यवाही में आरोपित पदाधिकारी के द्वारा स्वयं स्वीकार किया गया है कि केन्द्रीय कारा, गया द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना में बेल्ट्रॉन के साईट पर अपलोड किये गये सभी कागजातों की हार्ड कॉपी जमा करने का निदेश दिया गया है, जो विभागीय मार्गदर्शिका के विरूद्ध है।

आरोपित पदाधिकारी का अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब/लिखित अभ्यावेदन में कहना है कि EMD एवं शपथ पत्र मूल में जमा करना टेंडर के मूल प्रारूप का अंग है। पूरे निविदा की प्रक्रिया में लगभग 16 निविदादाता शामिल हुए, जिसमें सिर्फ एक निविदादाता पंकज कुमार को EMD एवं शपथ पत्र मूल रूप में जमा नहीं करने के कारण असफल घोषित किया गया, जबकि दोनों शर्त मॉडल निविदा का स्थायी रूप से वर्णित शर्त है। आरोपित पदाधिकारी का यह कथन स्वीकार करने योग्य नहीं है, क्योंकि विभागीय कार्यवाही की जाँच में पाया गया है कि केन्द्रीय कारा, गया में विभागीय निर्देश के अनुसार निविदा सूचना प्रकाशित न कर सभी हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा करने का शर्त जोड़कर मॉडल निविदा शर्तों का उल्लंघन किया गया है, जो वित्तीय अनियमितता का द्योतक है। इस प्रकार कारा कार्यालय पर संवेदक को बुलाकर EMD एवं शपथ पत्र संबंधी अभिलेख की मांग किया जाना ई–निविदा के मूल उद्देश्यों को विफल करना है, जबकि डिजिटल फॉर्म में अपलोड किए गए सभी अभिलेख उपलब्ध रहते हैं। विभागीय जाँच समिति के जाँच प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि केन्द्रीय कारा, गया की वित्तीय वर्ष 2021–22 की निविदा में उपरोक्त शर्तों के समावेश के कारण सरकारी राजस्व की हानि हुई है तथा ई–निविदा के उद्देश्यों का उल्लंघन हुआ है। विभागीय निर्देश एवं मॉडल निविदा शर्तों के विपरीत ऐसे शर्तों का समावेश किये जाने के कारण एक निविदादाता पंकज कुमार निविदा हेतु असफल घोषित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि ई–निविदा का मूल उद्देश्य पारदर्शी एवं पक्षपात रहित निविदा सम्पन्न कराया जाना है।

इस प्रकार दिनांक–29.03.2022 को तत्कालीन कारा महानिरीक्षक द्वारा केन्द्रीय कारा, गया में किये गये औचक निरीक्षण में पाई गयी कतिपय अनियमितता यथा–बंदियों को सुबह का नाश्ता नहीं मिलना, कारा में स्टॉक के अनुसार पर्याप्त मात्रा में राशन उपलब्ध नहीं होना, कारा में प्रतिबंधित सामग्रियों की बरामदगी तथा दबंग कैदियों द्वारा बंदियों से वसूली करने के आरोप विभागीय कार्यवाही की जाँच में प्रमाणित पाये गये हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि आरोपित पदाधिकारी द्वारा अपने पदीय दायित्वों के सम्यक् निर्वहन में गम्भीर लापरवाही एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 की निविदा में वित्तीय अनियमितता बरती गई है। अतः आरोपित पदाधिकारी का द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब/लिखित अभ्यावेदन स्वीकार करने योग्य नहीं है।

6. वर्णित तथ्यों के आधार पर अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री विजय कुमार अरोड़ा, तत्कालीन अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, गया (सम्प्रति अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मोतिहारी) के द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब/लिखित अभ्यावेदन को अस्वीकृत करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14(vi) के प्रावधान के तहत उनके विरूद्ध निम्नांकित दंड अधिरोपित करने का विनिश्चय किया गया :–

'' संचयी प्रभाव से तीन (03) वेतनवृद्धियों पर रोक का दण्ड ''।

7. **उपर्युक्त विनिश्चित दंड के संदर्भ में विभागीय पत्रांक 2225 दिनांक 13.03.2024 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श की मांग की गयी। तद्आलोक में बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पत्रांक 989 दिनांक 20.06.2024 द्वारा दण्ड प्रस्ताव पर सहमति संसूचित की गयी है।**

8. प्रस्तावित दंड पर बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त सहमति के आलोक में अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री विजय कुमार अरोड़ा, तत्कालीन अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, गया सम्प्रति अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मोतिहारी के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14(vi) के प्रावधान के तहत निम्नांकित दंड अधिरोपित किया जाता है :–

'' संचयी प्रभाव से तीन (03) वेतनवृद्धियों पर रोक का दण्ड ''।

आदेशः–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित की जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रजनीश कुमार सिंह, अपर सचिव–सह–निदेशक (प्र0)।

———————

सं0 कारा/नि0को0(अधी0)–01–13/2018––5187

———————

8 जुलाई 2024

श्री राजीव कुमार झा, बिहार कारा सेवा, तत्कालीन अधीक्षक, शहीद खुदीराम बोस केन्द्रीय कारा, मुजफ्फरपुर सम्प्रति अधीक्षक, विशेष केन्द्रीय कारा, भागलपुर के शहीद खुदीराम बोस केन्द्रीय कारा, मुजफ्फरपुर में पदस्थापन के दौरान दिनांक–11.08.2018 को जिला प्रशासन, मुजफ्फरपुर द्वारा कारा में की गई औचक छापेमारी में 12 मोबाईल फोन, 04 मोबाईल चार्जर, 03 सिम कार्ड तथा भारी मात्रा में नशीली एवं प्रतिबंधित सामग्रियों की बरामदगी, छोटे–मोटे कारणों से भी कैदियों को लम्बे समय तक एवं बार–बार कारा अस्पताल में नियम विरूद्ध रखे जाने तथा मुजफ्फरपुर बालिका गृह यौन शोषण मामले के मुख्य अभियुक्त बंदी ब्रजेश ठाकुर को अनुचित ढंग से कारा अस्पताल वार्ड में रखे जाने एवं उसे अनुचित लाभ पहुँचाने के प्रतिवेदित आरोपों के लिए श्री झा के विरूद्ध प्रपत्र 'क' में आरोप पत्र गठित किया गया। अनुशासनिक प्राधिकार के अनुमोदनोपरान्त विभागीय ज्ञापांक 5989 दिनांक 12.07.2019 द्वारा आरोप पत्र (साक्ष्य सहित) की छायाप्रति उपलब्ध कराते हुए श्री झा से लिखित अभिकथन की माँग की गई। तद्आलोक में श्री झा द्वारा लिखित बचाव अभिकथन दिनांक 06.09.2019 समर्पित किया गया, जिसे सम्यक् समीक्षोपरान्त अस्वीकृत करते हुए अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार विभागीय संकल्प ज्ञापांक–9901 दिनांक–20.11.2019 द्वारा श्री राजीव कुमार झा के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित की गई तथा विभागीय

कार्यवाही के संचालन हेतु आयुक्त, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर को संचालन पदाधिकारी तथा श्री रूपक कुमार, सहायक कारा महानिरीक्षक (क्षेत्र), कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

2. श्री रूपक कुमार के अन्य मामले में निलंबित हो जाने के फलस्वरूप विभागीय आदेश ज्ञापांक–6141 दिनांक–01.06.2022 द्वारा उक्त विभागीय कार्यवाही में उनके स्थान पर श्री संजय कुमार चौधरी, सहायक कारा महानिरीक्षक (क्षेत्र), कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

3. विभागीय कार्यवाही के जाँचोपरान्त संचालन पदाधिकारी–सह–आयुक्त, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–919 दिनांक–03.03.2023 द्वारा विभागीय कार्यवाही का जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया, जिसमें श्री राजीव कुमार झा के विरूद्ध प्रपत्र 'क' में गठित सभी सात (07) आरोपों को प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया है।

4. बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–18(3) के प्रावधान के तहत अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार विभागीय ज्ञापांक–2943 दिनांक–11.04.2023 द्वारा श्री राजीव कुमार झा को जाँच प्रतिवेदन की छायाप्रति उपलब्ध कराते हुए उनसे पन्द्रह (15) दिनों के अन्दर द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब/लिखित अभ्यावेदन की मांग की गई।

5. तद्आलोक में श्री राजीव कुमार झा द्वारा अपने पत्रांक–4420 दिनांक–01.07.2023 के माध्यम से द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब/लिखित अभ्यावेदन समर्पित किया गया, जिसमें उनका कहना है कि कारा में प्रतिबंधित सामग्रियों की बरामदगी के लिए उपाधीक्षक (प्रशासन एवं सुरक्षा) को ही बिहार कारा हस्तक, 2012 में जवाबदेह बनाते हुए दायित्व दिया गया है। श्री झा का कहना है कि उन्होंने नियंत्री एवं पर्यवेक्षी पदाधिकारी होने के दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता से किया है, परन्तु संचालन पदाधिकारी द्वारा प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी के मंतव्य को ही चयनात्मक (Selective) मानते हुए उन्हें ही दोषी करार दिया गया है।

श्री झा का कहना है कि बंदी ब्रजेश ठाकुर के मामले में प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी द्वारा यह प्रतिउत्तर दिया गया कि SKMCH, मुजफ्फरपुर से discharge होने के बाद बंदी को सामान्य वार्ड में न रखकर सीधे कारा अस्पताल में भर्ती किया गया, जो अवैध रूप से विशेष सुविधा प्रदान करने का प्रमाण है। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि वस्तुतः उनके योगदान के पश्चात् दिनांक 26.06.2018 को कारा से अधीक्षक, SKMCH, मुजफ्फरपुर से पत्राचार के बाद ही बंदी ब्रजेश ठाकुर को दिनांक 27.06.2018 को SKMCH, मुजफ्फरपुर से discharge किया गया। कारा चिकित्सकों द्वारा Monitoring के उद्देश्य से संभवतः उक्त बंदी को कारा अस्पताल में रखा गया। श्री झा का कहना है कि बिहार कारा हस्तक, 2012 के नियम 27 के अनुसार बीमार का चिकित्सा उपचार छोड़कर सभी विषयों में अधीक्षक के सम्पूर्ण नियंत्रण के अध्यधीन चिकित्सा पदाधिकारी कारा के चिकित्सा प्रशासन का प्रभारी होगा। बंदी ब्रजेश ठाकुर Sugar, HTN से पीड़ित था और दिनांक 11.08.2018 को असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य दो चिकित्सकों द्वारा उक्त बंदी के स्वास्थ्य की जाँच करने पर RBS 489 एवं BP 150/90 पाया गया, जिस कारण उक्त तिथि 11.08.2018 को उक्त बंदी को कारा अस्पताल से डिस्चार्ज नहीं किया गया, जबकि उसी तिथि को 22 अन्य बंदियों को कारा अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया था। बाद में दिनांक 14.08.2018 को पुनः कारा चिकित्सकों के जाँचोपरान्त उक्त बंदी के स्वास्थ्य को सामान्य पाये जाने पर उसे कारा अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। आवश्यकतानुसार कारा चिकित्सकों के द्वारा उक्त बंदी को कारा अस्पताल में भर्ती किया गया तथा कारा अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि उनके द्वारा समर्पित बचाव अभिकथन का निष्पक्षता के साथ परीक्षण नहीं करते हुए प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी के प्रतिउत्तर को ही आधार मानते हुए संचालन पदाधिकारी द्वारा विवेकपूर्ण मत का निर्धारण (application of judicious mind) नहीं किया गया है।

6. आरोप पत्र, संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन एवं श्री झा द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब/लिखित अभ्यावेदन की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गई। समीक्षोपरान्त स्पष्ट है कि दिनांक–11.08.2018 को जिला प्रशासन, मुजफ्फरपुर द्वारा शहीद खुदीराम बोस केन्द्रीय कारा, मुजफ्फरपुर में औचक रूप से की गई सघन तलाशी एवं छापेमारी में 12 मोबाईल फोन, 04 मोबाईल चार्जर, 03 सिम कार्ड, 12 चाकू, 08 कैंची, 03 हेडफोन एवं काफी मात्रा में नशीली वस्तुएँ यथा–खैनी, गुटखा, भांग, सिगरेट इत्यादि प्रतिबंधित सामग्रियाँ बरामद की गई। स्पष्ट है कि इतनी बड़ी मात्रा में निषिद्ध सामग्री कारा के अन्दर छुपाकर नहीं ले जाई जा सकती। स्पष्टतः इसमें कारा कर्मियों की मिलीभगत परिलक्षित होती है। इतनी बड़ी मात्रा में निषिद्ध सामग्रियों की बरामदगी से यह भी स्पष्ट होता है कि आरोपित पदाधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई पूर्णतः प्रभावहीन थी। इससे उनके द्वारा की गई कार्रवाई के चयनात्मक (selective) होने का भी आभास होता है। निषिद्ध सामग्री का कारा में प्रवेश कारा पदाधिकारी/कर्मियों की मिलीभगत से हीं संभव है। स्पष्ट है कि कारा प्रशासन द्वारा कारा में बंदियों को अनुचित एवं नियम विरूद्ध मोबाईल सुविधा उपलब्ध करायी जा रही थी, जिसमें आरोपित पदाधिकारी की प्रशासनिक विफलता एवं अधीनस्थ कर्मियों पर नियंत्रण का अभाव परिलक्षित होता है। आरोपित पदाधिकारी का यह कृत्य बिहार कारा हस्तक, 2012 के नियम–140 एवं 870 (iii) के विहित प्रावधानों के प्रतिकूल है। बंदियों को कारा अस्पताल में admit करने एवं वहाँ से discharge करने के कार्य में चिकित्सकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है, परन्तु यदि चिकित्सक मनमाने ढंग से अन्यथा कारण (ulterior motive) से बंदियों को कारा अस्पताल में बड़ी संख्या में भर्ती कर रख रहे हों, तो

ऐसी स्थिति में काराधीक्षक को अपने स्तर से इसकी समीक्षा की जानी चाहिए थी एवं चिकित्सकों के इस अवैध क्रियाकलाप पर रोक लगाने का प्रयास किया जाना चाहिए था, जो आरोपित पदाधिकारी द्वारा नहीं किया गया।

कारा प्रशासन द्वारा कतिपय छोटे–मोटे कारणों से भी कैदियों को लम्बे–लम्बे समय तक एवं बार–बार कारा अस्पताल में रखा जा रहा था। स्पष्ट है कि इसका अनुचित एवं नियम विरूद्ध लाभ कैदियों को पहुँचाया जा रहा था। आरोपित पदाधिकारी का यह कृत्य बिहार कारा हस्तक, 2012 के नियम–796 (i) एवं (ii) के विहित प्रावधानों के प्रतिकूल है। बंदी ब्रजेश ठाकुर आरोपित पदाधिकारी के योगदान से पूर्व SKMCH, मुजफ्फरपुर में इलाजरत् था, जिसे दिनांक 27.06.2018 को उक्त अस्पताल द्वारा discharge कर दिया गया। सामान्यतः अस्पताल से किसी मरीज को उसके भर्ती रखने की आवश्यकता नहीं होने की स्थिति में हीं discharge किया जाता है। ऐसी स्थिति में SKMCH, मुजफ्फरपुर से दिनांक 27.06.2018 को discharge होकर कारा में वापस आने के बाद उक्त बंदी को सामान्य वार्ड में न रख कर सीधे कारा अस्पताल में अकारण भर्ती करने की कार्रवाई की गई, जो उक्त बंदी को अवैध रूप से विशेष सुविधा प्रदान करने का स्पष्ट प्रमाण है। उक्त बंदी को बिना किसी गंभीर बीमारी के अवैध रूप से कारा अस्पताल में भर्ती रखा गया। इस प्रकार स्पष्ट है कि कारा प्रशासन द्वारा बंदी ब्रजेश ठाकुर को अनुचित ढंग से अस्पताल वार्ड में रखा गया एवं उसे अनुचित लाभ पहुँचाया गया। दिनांक–11.08.2018 को औचक निरीक्षण के समय जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर द्वारा पाया गया कि बंदी ब्रजेश ठाकुर का चलना–फिरना सामान्य था। पुनः उसके स्वास्थ्य की जाँच करायी गई और कारा प्रशासन के चिकित्सक द्वारा स्वस्थ घोषित कर उसे अस्पताल से discharge किया गया। उक्त बंदी को SKMCH, मुजफ्फरपुर द्वारा discharge करने के उपरांत उसे पुनः सीधे कारा अस्पताल में भर्ती करने में भी आरोपित पदाधिकारी की सहमति परिलक्षित होती है। स्पष्ट है कि बंदी ब्रजेश ठाकुर को कारा अस्पताल की सुविधा का अनुचित लाभ उपलब्ध कराया जा रहा था, जिसके लिए कारा के मुख्य नियंत्री पदाधिकारी के रूप में आरोपित पदाधिकारी जिम्मेवार हैं। अतः आरोपित पदाधिकारी का द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब/लिखित अभ्यावेदन स्वीकार करने योग्य नहीं है।

7. वर्णित तथ्यों के आधार पर अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री राजीव कुमार झा, तत्कालीन अधीक्षक, शहीद खुदीराम बोस केन्द्रीय कारा, मुजफ्फरपुर (सम्प्रति अधीक्षक, विशेष केन्द्रीय कारा, भागलपुर) के द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब/लिखित अभ्यावेदन को अस्वीकृत करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005, भाग–V, नियम–14 (वृहत शास्तियाँ) के उपनियम–(vii) के प्रावधान के तहत उनके विरूद्ध निम्नांकित दंड अधिरोपित करने का विनिश्चय किया गया :–

''कालमान वेतन में तीन (03) वेतनवृद्धि निम्नतर प्रक्रम पर अवनति का दण्ड, जिसका प्रभाव/कुप्रभाव इनकी भविष्य की वेतनवृद्धियों पर नहीं पड़ेगा और यह इन्हें स्वतः अनुमान्य होंगी ''।

8. **उपर्युक्त विनिश्चित दंड के संदर्भ में विभागीय पत्रांक 2157 दिनांक 11.03.2024 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श की मांग की गयी। तद्आलोक में बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पत्रांक 990 दिनांक 20.06.2024 द्वारा दण्ड प्रस्ताव पर सहमति संसूचित की गयी है।**

9. प्रस्तावित दंड पर बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त सहमति के आलोक में अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री राजीव कुमार झा, तत्कालीन अधीक्षक, शहीद खुदीराम बोस केन्द्रीय कारा, मुजफ्फरपुर सम्प्रति अधीक्षक, विशेष केन्द्रीय कारा, भागलपुर के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005, भाग–V, नियम–14(वृहत शास्तियाँ) के उपनियम–(vii) के प्रावधान के तहत निम्नांकित दंड अधिरोपित किया जाता है :–

'' कालमान वेतन में तीन (03) वेतनवृद्धि निम्नतर प्रक्रम पर अवनति का दण्ड, जिसका प्रभाव/कुप्रभाव इनकी भविष्य की वेतनवृद्धियों पर नहीं पड़ेगा और यह इन्हें स्वतः अनुमान्य होंगी ''।

आदेशः–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित की जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रजनीश कुमार सिंह, अपर सचिव–सह–निदेशक (प्र0)।

———

सं0 कारा/नि0को0(क)–84–10––5200

———

8 जुलाई 2024

श्री देवेन्द्र प्रसाद, बिहार कारा सेवा, तत्कालीन अधीक्षक, मंडल कारा, आरा (सम्प्रति सेवानिवृत्त) के विरूद्ध उनके मंडल कारा, आरा में पदस्थापन के दौरान जिला प्रशासन, भोजपुर, आरा द्वारा दिनांक–17.09.2010 की रात्रि में कारा में की गई छापेमारी में प्रतिबंधित सामग्रियों यथा–05 मोबाईल फोन, 05 मोबाईल चार्जर, 10 ग्राम गांजा, 06 चीलम एवं जेल का नक्शा की बरामदगी, अनधिकृत रूप से मुख्यालय से अनुपस्थित रहने, उक्त छापेमारी से संबंधित विशेष शाखा की सूचना पर आधारित कारा निरीक्षणालय के स्पष्टीकरण में उसे भ्रामक करार दिये जाने, जिला पदाधिकारी द्वारा एतद् विषय पर स्पष्टीकरण पूछे जाने पर उसका जवाब नहीं देकर derogatory एवं अपमानजनक भाषा में पत्राचार करने, प्रथम श्रेणी, न्यायिक दण्डाधिकारी, आरा के साथ अमर्यादित भाषा में पत्राचार करने एवं अन्य कतिपय आरोपों के लिए विभागीय अधिसूचना

ज्ञापांक–5805 दिनांक–29.12.2010 के द्वारा श्री देवेन्द्र प्रसाद को निलंबित करते हुए निलंबनावस्था में उन्हें कारा निरीक्षणालय, बिहार, पटना में संलग्न किया गया एवं उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित की गई तथा विभागीय कार्यवाही के संचालन हेतु विशेष सचिव, गृह (आरक्षी) विभाग, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

2. श्री देवेन्द्र नाथ शर्मा, विशेष सचिव, गृह (आरक्षी) विभाग, बिहार, पटना–सह–संचालन पदाधिकारी के दिनांक–31.03.2011 को वार्धक्य सेवानिवृत्त हो जाने तथा उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक विभागीय कार्यवाही की जाँच अपूर्ण रहने के कारण विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक–2316 दिनांक–26.05.2011 द्वारा उक्त विभागीय कार्यवाही के संचालन हेतु विभागीय जाँच आयुक्त, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

3. अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार विभागीय अधिसूचना संख्या–784 दिनांक–23.02.2012 द्वारा श्री देवेन्द्र प्रसाद को निलंबन से मुक्त किया गया।

4. विभागीय कार्यवाही के संचालन पदाधिकारी–सह–अपर विभागीय जाँच आयुक्त के पत्रांक–05/एम.सी., दिनांक–02.01.2015 द्वारा विभागीय कार्यवाही का जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया, जिसमें श्री देवेन्द्र प्रसाद के विरूद्ध गठित सभी 06 आरोपों को प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया।

5. विभागीय पत्रांक–790 दिनांक–03.02.2015 द्वारा उक्त जाँच प्रतिवेदन की छायाप्रति उपलब्ध कराते हुए श्री देवेन्द्र प्रसाद से द्वितीय कारण पृच्छा की मांग की गई। तद्आलोक में श्री देवेन्द्र प्रसाद द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब दिनांक–16.02.2015 समर्पित किया गया, जिसमें उन्होंने अपने विरूद्ध गठित आरोपों के सन्दर्भ में कुछ न कहकर संचालन पदाधिकारी पर हीं अनावश्यक आरोप लगाया है। इसी प्रकार श्री प्रसाद द्वारा जिला पदाधिकारी, भोजपुर के कार्यकलाप पर ही प्रश्नचिन्ह् लगाया गया है एवं माननीय प्रथम श्रेणी, न्यायिक दण्डाधिकारी, आरा पर झूठ एवं सत्य से परे आँकड़े को प्रस्तुत करने का उल्लेख किया गया है, जो पूर्णतः उनकी अनुशासनहीनता का द्योतक है। इस प्रकार श्री प्रसाद के द्वारा अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में आरोपों के सन्दर्भ में कोई तथ्य/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया।

6. उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा सम्यक् विश्लेषणोपरांत श्री देवेन्द्र प्रसाद, तत्कालीन अधीक्षक, मंडल कारा, आरा के द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब को अस्वीकृत करते हुए उनके विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14(ix) के तहत "अनिवार्य सेवानिवृत्ति का दण्ड" अधिरोपित करने का विनिश्चय किया गया।

7. उपर्युक्त विनिश्चित दण्ड के संदर्भ में विभागीय पत्रांक–1964 दिनांक–26.03.2015 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श की माँग की गई थी। तद्आलोक में सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पत्रांक–1289 दिनांक–11.08.2015 द्वारा संसूचित किया गया कि सम्यक् विचारोपरांत आयोग का अभिमत है कि आरोपित पदाधिकारी के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोपों के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तावित दण्ड अधिक होने के कारण आनुपातिक नहीं है, अतः आयोग द्वारा विभागीय दण्ड प्रस्ताव से असहमति व्यक्त की गई।

8. इसी बीच एक अन्य मामले में श्री देवेन्द्र प्रसाद, तत्कालीन अधीक्षक के विरूद्ध उनके मंडल कारा, सहरसा में पदस्थापन के दौरान प्रतिवेदित वित्तीय अनियमितता, गबन एवं प्रशासनिक विफलता तथा भ्रष्टाचार के आरोप के लिए दर्ज निगरानी थाना काण्ड संख्या–26/12, दिनांक–24.02.2012 धारा–420/409/467/468/471/120 (बी0) भा0द0वि0 एवं धारा–13 (2) सह–पठित धारा–13 (1) (सी)(डी) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम–1988 तथा उनके मंडल कारा, किशनगंज में पदस्थापन के दौरान कारा के अंदर जादू–टोना का कार्य कराये जाने, महिला बंदियों के साथ दुर्व्यवहार करने, कारा चिकित्सक पर अनुचित दबाव बनाने, अनधिकृत अनुपस्थिति एवं वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना संबंधी प्रतिवेदित आरोपों से संबंधित मामले में संस्थित विभागीय कार्यवाही के फलाफल के उपरांत अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार विभागीय संकल्प ज्ञापांक–6285 दिनांक–13.10.2015 द्वारा श्री देवेन्द्र प्रसाद के विरूद्ध "सेवा से बर्खास्तगी का दण्ड" अधिरोपित किया गया था।

9. इस प्रकार आरोपित पदाधिकारी, श्री देवेन्द्र प्रसाद के विरूद्ध संस्थित विभागीय कार्यवाही में दण्ड के संसूचन के पूर्व हीं उन्हें दूसरे मामले में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। उपर्युक्त तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में श्री देवेन्द्र प्रसाद, तत्कालीन अधीक्षक, मंडल कारा, आरा के विरूद्ध संस्थित विभागीय कार्यवाही के फलाफल के पश्चात् दण्ड अधिरोपित की जायेगी अथवा नहीं, के बिन्दु पर सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से परामर्श की माँग की गई। तद्आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना द्वारा परामर्श दिया गया कि–*"विभागीय कार्यवाही सरकारी सेवक के विरूद्ध चलायी जाती है। चूँकि बर्खास्त कर्मी सरकारी सेवक नहीं रह जाते हैं। अतः इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही चलाने का कोई औचित्य नहीं है, परन्तु बर्खास्त कर्मी की बर्खास्तगी आदेश को किसी न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिये जाने की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए उनके विरूद्ध लगाये गये अन्य आरोप के संबंध में विभागीय कार्यवाही को फिलहाल स्थगित रखना ही उचित होगा"।*

10. उपर्युक्त तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त उक्त परामर्श के आलोक में विभागीय आदेश ज्ञापांक–1020 दिनांक–16.02.2016 द्वारा श्री देवेन्द्र प्रसाद, तत्कालीन अधीक्षक, मंडल कारा, आरा के विरूद्ध विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक–5805 दिनांक–29.12.2010 के द्वारा संस्थित उक्त विभागीय कार्यवाही को स्थगित रखा गया।

11. इसी बीच श्री देवेन्द्र प्रसाद के विरूद्ध दूसरे मामले में अधिरोपित "सेवा से बर्खास्तगी का दण्ड" के विरूद्ध श्री प्रसाद द्वारा दायर L.P.A. No.-1302/2017 (In C.W.J.C. No-934/2016) देवेन्द्र प्रसाद बनाम बिहार राज्य एवं अन्य वाद में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक–19.10.2023 को पारित न्यायादेश के आलोक में अनुशासनिक

प्राधिकार के निर्णयानुसार विभागीय संकल्प ज्ञापांक–587 दिनांक–22.01.2024 द्वारा श्री देवेन्द्र प्रसाद के विरूद्ध अधिरोपित ''सेवा से बर्खास्तगी का दण्ड'' को निरस्त कर दिया गया।

12. उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में श्री देवेन्द्र प्रसाद के विरूद्ध स्थगित उक्त विभागीय कार्यवाही की पुनर्समीक्षा की गई। सम्यक् समीक्षोपरांत श्री प्रसाद के विरूद्ध उक्त स्थगित विभागीय कार्यवाही को पुनः प्रारम्भ करने का निर्णय अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा लिया गया है। श्री प्रसाद के विरूद्ध संस्थित उक्त विभागीय कार्यवाही में सभी प्रक्रियाओं का विधिवत् पालन किया जा चुका है।

13. उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री देवेन्द्र प्रसाद, तत्कालीन अधीक्षक, मंडल कारा, आरा (सम्प्रति सेवानिवृत्त) के विरूद्ध विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक–5805 दिनांक–29.12.2010 द्वारा संस्थित विभागीय कार्यवाही (विभागीय आदेश ज्ञापांक–1020 दिनांक– 16.02.2016 द्वारा स्थगित) को पुनः आरंभ करते हुए उनकी सेवानिवृत्ति (दिनांक–31.08.2019) के फलस्वरूप बिहार पेंशन नियमावली, 1950 के नियम–43(बी) के तहत सम्परिवर्तित किया जाता है।

14. श्री देवेन्द्र प्रसाद, तत्कालीन अधीक्षक, मंडल कारा, आरा (सम्प्रति सेवानिवृत्त) के विरूद्ध संस्थित विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी द्वारा प्रमाणित पाये गये आरोपों के आलोक में उनके द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब को अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा सम्यक् समीक्षोपरान्त अस्वीकृत करते हुए बिहार पेंशन नियमावली, 1950 के नियम–43(बी) के प्रावधान के तहत उनके विरूद्ध निम्नांकित दण्ड अधिरोपित करने का विनिश्चय किया गया :–

"देय पेंशन से 10% (दस प्रतिशत) राशि की कटौती का दण्ड पाँच (05) वर्षों के लिए"।

15. **उपर्युक्त विनिश्चित दण्ड के संदर्भ में विभागीय पत्रांक–1824 दिनांक–28.02.2024 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श की मांग की गयी। तद्आलोक में सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पत्रांक 1105 दिनांक 26.06.2024 द्वारा उल्लिखित किया गया है कि आरोपित पदाधिकारी श्री देवेन्द्र प्रसाद, तत्कालीन अधीक्षक, मंडल कारा, आरा के संबंध में ''अनिवार्य सेवानिवृत्ति'' के विभागीय दण्ड प्रस्ताव पर आयोग के पत्रांक–1289 दिनांक–11.08.2015 द्वारा आयोग का मंतव्य पूर्व में संसूचित किया जा चुका है। सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–सह–पठित ज्ञापांक 9794 दिनांक 22.07.2019 की कंडिका–7 में प्रावधान है कि '' वैसे अनुशासन संबंधी पेंशन से कटौती अथवा वृहत दण्ड के मामलों में, जिनमें आयोग द्वारा परामर्श/सहमति दी गयी हो, और बाद में पेंशन से कटौती अथवा वृहत दण्ड के आदेश को निरस्त करने, कम करने अथवा रूपभेदित किये जाने की स्थिति में पुनः आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं होगा''।**

उक्त प्रावधान के आलोक में कि विभागीय दंड प्रस्ताव पर आयोग का परामर्श आवश्यक नहीं रहने की स्थिति में विभागीय प्रस्ताव को बिना आयोग के परामर्श के वापस कर दिया गया।

16. उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री देवेन्द्र प्रसाद, तत्कालीन अधीक्षक, मंडल कारा, आरा (सम्प्रति सेवानिवृत्त) के विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली, 1950 के नियम–43(बी) के प्रावधान के तहत निम्नांकित दण्ड अधिरोपित किया जाता है :–

"देय पेंशन से 10% (दस प्रतिशत) राशि की कटौती का दण्ड पाँच (05) वर्षों के लिए"।

आदेशः–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित की जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रजनीश कुमार सिंह, अपर सचिव–सह–निदेशक (प्र0)।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 16—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in